# दैनिक पदमावत मीडिया

Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•

www.padmavatmedia.in Mo. 9594542679 Email- padmavatmedia@gmail.com

वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 288 • मुंबई, गुरुवार, 27 जून, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 निःशुल्क •


## ओम बिरला ध्वनिमत से चुने गए लोकसभा अध्यक्ष पीएम मोदी और राहुल गांधी ने दी बधाई



**नई दिल्ली ।** आमे बिरला को आज बुधवार को ध्वनिमत से 18 वीं लोकसभा का अध्यक्ष चुन लिया गया है। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने ध्वनि मत से उन्हें विजयी घोषित किया। पीएम नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी ने उन्हें बधाई दी और नए लोकसभा स्पीकर बिरला को आसंदी तक छोड़ने गए। इससे पहले पीएम मोदी ने ही उनके नाम का प्रस्ताव रखा था। पीएम ने कहा कि ओम बिरला का अनुभव देश के काम आएगा।

कांग्रेस ने डिप्टी स्पीकर पद की मांग की थी, इसका जवाब नहीं मिलने पर विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष के लिए अपना प्रत्याशी उतारा था। ओम बिरला दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने वाले पहले बीजेपी के नेता हैं। इससे पहले कांग्रेस के बलराम जाखड़ लगातार दो बार लोकसभा अध्यक्ष रह चुके हैं।

लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद पीएम मोदी ने ओम बिरला को बधाई दी। उनके साथ ही राहुल गांधी भी बधाई देने पहुंचे। राहुल गांधी ने बिरला को बधाई दी, उसके बाद पीएम मोदी से भी हाथ मिलाया। पीएम मोदी ने कहा कि ओम बिरला के नेतृत्व में ही हमने पुरानी से नई संसद में प्रवेश किया है। संसद के डिजिटिलाइजेशन में भी उनकी भूमिका रही है। जी20 देशों के पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन भी बिरला के नेतृत्व में ही हुआ। यह देश के लिए गौरव की बात है।

बलराम जाखड़ को दोबारा लोकसभा अध्यक्ष बनने का मौका मिला था। अब आप है, जिसे पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद इस पर पद पर आए हैं। ज्यादातर अध्यक्ष या तो चुनाव नहीं लड़े या जीतकर नहीं आए। आप जीतकर आए और नया इतिहास रचा है। पीएम ने कहा कि सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हुए हैं। आपको और इस पूरे सदन को मेरी तरफ से बहुत-बहुत बधाई।

**सात सांसदों ने नहीं ली है अभी शपथ**

सात सांसदों ने अभी शपथ नहीं ली है। इनमें टीएमसी के शत्रुघ्न सिन्हा, दीपक अधिकारी, शेख नुरुल इस्लाम, सपा के अफजल अंसारी, कांग्रेस सांसद शशि थरूर, निर्दलीय अमृतपाल सिंह और शेख अब्दुल राशिद उर्फ इंजीनियर राशिद शामिल हैं।

सफेद कुर्ता पजामा में नजर आए राहुल

राहुल गांधी कुर्ता पजामा पहनकर संसद पहुंचे। राहुल काफी समय बाद कुर्ते में नजर आए। पीएम मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए ओम बिरला के नाम का समर्थन रखा। राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह, अमित शाह समेत कई नेताओं ने उसका समर्थन किया।

## दलित आदिवासी प्रोत्साहन योजना के तहत ब्लॉक स्तर पर जागरुकता शिविर का आयोजन 28 जून को

पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** राज्य सरकार द्वारा विभिन्न विकास कार्यक्रमों एवं कल्याणकारी योजनाओं के द्वारा अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के जीवन स्तर में वृद्धि करने के उद्देश्य से राज्य के गैर-कृषि क्षेत्रों यथा विनिर्माण सेवा एवं व्यापार के विकास में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग का योगदान एवं प्रभावी भूमिका सुनिश्चित करने हेतु राज्य के वार्षिक बजट 2022-23 में डॉ भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना 2022 लागू की गई है। इस योजना के माध्यम से लक्षित वर्गों को उद्योग, सेवा एवं व्यापारिक गतिविधियों से सम्बन्धित परियोजना की स्थापना, विस्तार, विविधिकरण, आधुनिकिकरण हेतु विभिन्न प्रकार की सहायता एवं सुविधाएं प्रदान कर अऋण उपलब्ध करवाना है। इस हेतु दिनांक 28 जून को पंचायत समिति सेमारी में 11»00 बजे, सराडा में दोपहर 1»00 बजे एवं जयसमंद में सांय 3»00 बजे जागरूगकता शिविर का आयोजन किया जाना प्रस्तावित हैं जिसमें योजना से संबधित समस्त जानकारी प्रदान की जावेगी। अंत उपरोक्त पंचायत समिति के सभी आमजन से निवेदन है कि इन जागरूगता शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर योजना का लाभ लेवें।

योजना की मुख्य विशेषताएं

1 नए उद्यम की स्थापना अथवा स्थापित उद्यम के विस्तार, विविधिकरण या आधुनिकिकरण हेतु कम लागत पर ऋण उपलब्ध कराना।

2. विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार उपक्रमों हेतु ऋण उपलब्ध कराना।

3. आवेदक राजस्थान का मूल निवासी हो। आवेदन के समय आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक हो।

4 उद्योग लगाने हेतु अधिकतम परियोजना लागत 10.00 करोड़ रुपए।

5 सेवा उद्यम हेतु अधिकतम परियोजना लागत 500 करोड़ रुपए।

6. व्यापार क्षेत्र हेतु अधिकतम परियोजना लागत 100 करोड़ रुपए।

7. विनिर्माण एवं सेवा उद्योग की परियोजनाओं में कार्यशील पूंजी की सीमा कुल परियोजना लागत के अधिकतम 40 प्रतिशत तक होगी।

8 व्यापारिक क्षेत्र में यह सीमा अधिकतम 90 प्रतिशत तक होगी।

9 परियोजना लागत की 25 प्रतिशत अथवा 25 लाख रुपए, जो भी कम हो मार्जिन मनी अनुदान राशि होगी।

10 अंशदान ऋण सीमा

1 विनिर्माण हेतु न्यूनतम अंशदान 10 प्रतिशत एवं अधिकतम ऋण 90 प्रतिशत।

2 सेवा हेतु न्यूनतम अंशदान 10 प्रतिशत एवं अधिकतम ऋण 90 प्रतिशत ।

3 व्यापार हेतु न्यूनतम अंशदान 15 प्रतिशत एवं अधिकतम ऋण 8 5 प्रतिशत।

11 ऋण की समयावधि 3 से 7 वर्ष तक होगी।

12. ब्याज अनुदान 5 वर्ष तक ही देय होगा।

13 ब्याज अनुदान की सीमा

ऋण सीमा

25 लाख रुपए से कम, 9 प्रतिशत ब्याज अनुदान

25 लाख से 5 करोड़ रुपए तक, 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान

5 करोड़ रुपए से 10 करोड़ रुपए तक, 6 प्रतिशत ब्याज अनुदान

## वृक्षम अमृतम संस्थान का वृक्षारोपण कार्यक्रम

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** वृक्षम अमृतम संस्थान, उदयपुर द्वारा रिवर फ्रंट गार्डन मे सुरेंद्र चौहान की देखरेख में वृक्षारोपण किया गया ।कार्यक्रम में अध्यक्ष गोपेश शर्मा, अनिल पारीख, यशवंत त्रिवेदी, महेश उपाध्याय ,प्रदीप शर्मा और लवीश चपलोत उपस्थित थे। अध्यक्ष गोपेश शर्मा ने बताया कि 150 वृक्षारोपण का लक्ष्य है और इसके लिए ट्री गार्ड भी खरीदे गए । इस दौरान सुभाष अग्रवाल, विजय लक्ष्मी, बंसीलाल ए के त्रिपाठी ने सुंदर कविता, शायरियां, कथक नृत्य का आनंद लिया।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आज

पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का जिला स्तरीय 'लाभार्थी संवाद' कार्यक्रम गुरुवार 27 जून को पंचायत समिति सलूंबर के सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा सभी जिलों में आयोजित लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सीधे जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा लाभार्थियों के बैंक खातों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन अभिवृद्धित राशि का हस्तांतरण करेंगे और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभान्वितों से सीधा संवाद भी करेगें यह कार्यक्रम 12 बजे से आयोजित किया जाएगा ।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने आदेश जारी कर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी को इस कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है एवं संबंधित विभागो को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिम्मेदारी तय की है।

## लोकसभा स्पीकर के चुनाव में दिखी राहुल गांधी की नेता प्रतिपक्ष वाली ताकत



**नई दिल्ली ।** 18वीं लोकसभा की शुरुआत से ही कांग्रेस सांसद राहुल गांधी नए तेवर में दिखाई दे रहे हैं। आम चुनाव में कांग्रेस के अच्छे प्रदर्शन का ेडिट राहुल गांधी को मिल रहा है। लोकसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष बनाया है लोकसभा में नेता विपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी की सदन में पूछ परख किस तरह बढ़ गई, इसकी एक बानगी बुधवार को लोकसभा स्पीकर के चुनाव के दौरान दिखाई दी। दरअसल बिरला को लोकसभा अध्यक्ष चुना गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र सहित सत्ताधारी एनडीए गठबंधन ने स्पीकर पोस्ट के लिए ओम बिरला के नाम का प्रस्ताव रखकर सर्वसम्मति से उन्हें चुनने की अपील की। पीएम मोदी के प्रस्ताव के बाद विपक्षी उम्मीदवार के.सुरेश ने नाम वापस लिया। इसके बाद बिरला फिर से निर्विरोध लोकसभा अध्यक्ष चुन लिए गए। इसके बाद संसदीय परंपरा के अनुसार लोकसभा के नवनिर्वाचित स्पीकर बिरला को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके आसन तक ले गए। इस दौरान लोकसभा में जो दृश्य दिखा, उससे राहुल गांधी की बढ़ हुई ताकत को दिखाता है। दरअसल पीएम मोदी जब बिरला को मंच पर खड़े थे, तब बतौर नेता विपक्ष भी उनके साथ ही मौजूद थे।

लोकसभा में पीएम मोदी ने स्पीकर बिरला से हाथ मिलाकर सबसे पहले अभिवादन किया। इस बीच राहुल गांधी भी वहां पहुंचते तब पीएम मोदी उन्हें भी आगे आने का संकेत देते हैं। इसके बाद राहुल गांधी आकर बिरला से हाथ मिलाते हैं और फिर वे उन्हें साथ लेकर स्पीकर के आसन तक ले जाते हैं। इस दौरान संसदीय कार्यमंत्री किरेन रीजीजू उनके पीछे-पीछे चल रहे थे। इसके बाद लोकसभा में स्पीकर के आसन पर पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने एक फिर बिरला को शुभकामनाएं दीं। फिर राहुल गांधी ने भी नए स्पीकर को शुभकामनाएं दी और इसके बाद केंद्रीय मंत्री रीजीजू ने भी बिरला से हाथ मिलाया।

## थाना सिटी कोतवाली प्रभारी पुष्पेन्द्र सिह राठोर व पुलिस टीम की वाहन चोरों के विरुद्ध बड़ी कारवाई तथा वाहन चोरी के अपराधी को किया गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

**नाहरगढ/मंदसौर ।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस की वाहन चोरों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही तथा वाहन चोरी के अपराधी को किया गिरफ्तार।आरोपी आदतन अपराधी को वाहन चोरी करते पकडा ।आरोपी से चार मोटर मोटरसायकल कीमती 1,75,000/- रुपये की ज़प्त की गई ।

मंदसौर शहर में हो रही दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपियों की धर पकड़ कर उन्हें गिरफ्तार कर अभियान स्तर पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक मंदसौर अनुराग सुजानिया के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंदसौर गौतम सोलंकी व नगर पुलिस अधीक्षक मंदसौर सतनाम सिंह के निर्देशन में व थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र सिह राठोर के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा वाहन चोरी करने वाले आरोपी से चोरी गई 04 मोटर साईकिल कीमती 1,75,000/- रुपये के मशरूका को बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

घटना का संक्षिप्त विवरण फरियादी सुरेन्द्र सिंह निवासी जिला मदंसोर की, सिध्दी विनायक हास्पीटल से मोटरसाइकिल चोरी होने पर थाना कोतवाली में रिपोर्ट कि गई, रिपोर्ट पर से अपराध क्रं. 312/24 धारा 379 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया।

गठित पुलिस टीम द्वारा चेकिंग अभियान चलाकर, घटना स्थलों के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक कर विश्वसनीय मुखबिर तंत्र सक्रिय किए गए, मुखबिर की सूचना पर आरोपी जाकिर हुसेन उर्फ छोटु पिता सईद हुसेन शेख मुसलमान उम्र 24 साल निवासी एंजिल सिटी प्रतापगढ को मय चोरी वाहन के साथ गिरफ़्तार किया।

गिरफ्तारशुदा आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ करते आरोपी द्वारा अन्य वाहन चोरी मे भी अपनी संलिप्तता होना बताया। आरोपी जाकिर हुसेन उर्फ छोटु को प्रतापगढ पुलिया मंदसोर से चोरी गई मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार किया, गिरफ्तारशुदा आरोपी से अपराध में चोरी गई मोटरसाइकिल के संबंध में पूछताछ करते आरोपी द्वारा पूर्व में थाना कोतवाली क्षेत्र से चोरी की गई मो.सा. होण्डा कंपनी की भी चोरी करना स्वीकार किया, आरोपी के कब्जे से 04 मोटरसायकल को जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया।

गिरफ्तार आरोपी का नाम जाकिर हुसेन उर्फ छोटु पिता सईद हुसेन शेख मुसलमान उम्र 24 साल नि. एंजिल सिटी प्रतापगढ राजस्थान

जप्त मश्रुका चार 04 मोटर सायकल -



1. मोटरसायकल बजाज डिस्कवर क्रमांक **MP**14**M-D**5798 कीमती 25000/-रु,

2. मोटरसायकल होंडा कंपनी का वाहन **MP**14**MU**3020 कीमती 50000/-रु,

3. मोटरसायकल हिरो पेशन प्रो वाहन कीमती 50000/-रु,

4. मोटरसायकल हिरो पेशन प्लस वाहन कीमती 50000/-रु कुल कीमती 1,75,000/-रु

सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र सिह राठोर, उनि विजय पुरोहित, सउनि अभिषेक पाल, सउनि लक्ष्मण खराडी, प्रआर 248 आलोक सिह, प्रआर 121 अर्जुन सिंह, प्रआर 173 हरिश यादव, आर 443 राहुल शुक्ला, आर 861 नरेन्द्र सिंह, आर 236 भानुप्रताप सिंह, आर 463 हरिश राठौर, आर 933 मनीष शर्मा, आर 823 राम पंड्या का सराहनीय योगदान रहा।

## पुलिस ने शातिर हिस्ट्रीशीटर को किया गिरफ्तार



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले के गोवर्धनविलास थाना की पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही की जिसके तहत एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

दरअसल जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर थानाधिकारी भवानी सिंह राजावत द्वारा नेतृत्वित पुलिस टीम ने एक साझा अपराधिक जाल का पर्दाफाश किया है।

इस ऑपरेशन में हिस्ट्रीशीटर राजू नाथ उर्फ राजू लोला राजू अनेक मामलों में फरार चल रहा था, जिनमें शराब व नगदी लेकर भागने और अन्य अपराधिक वारदातों की रिपोर्टें दर्ज हैं। जिसको लेकर उसे लगातार खोजा जा रहा था।

आरोपी आने-जाने वाले राहगीरों को धमकाकर और तलवार दिखाकर डराया करता था। जिस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से तलवार और ऑटो भी जब्त किया हैं।

## शिविर में हुआ 70 यूनिट रक्तदान, लोगो ने उत्साह के साथ लिया भाग



पदमावत मीडिया

**सायला।** कस्बे के तहसील परिसर में बुधवार को राजस्व विभाग, रक्त सेवादल संस्थान एवं भारत विकास परिषद शाखा सायला के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय विशाल स्वैच्छिक रक्तदान एवं रक्त जांच शिविर का आयोजन हुआ।

शिविर का उपखण्ड अधिकारी ताराचंद वेंकट, तहसीलदार हीरसिंह चारण, सायला नायब तहसीलदार श्रीमती लक्ष्मी, जीवाणा नायब तहसीदार हुकमसिंह के आतिथ्य में भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस असवर पर उपखण्ड अधिकारी वेंकट ने रक्तदान का महत्व बताते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगो को रक्तदान करने की अपील की। तहसीलदार चारण ने रक्तदान से जुडी भ्रांतियों को दूर करते हुए युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर में क्षेत्रभर के गांवों से लोगों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। रक्त सेवादल संस्थान के सचिव नवनीत दवे ने बताया कि शिविर में 70 यूनिट रक्तदान हुआ। जबकि 200 व्यक्तियों ने निःशुल्क रक्त जांच करवाई। रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को अतिथियों के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती की पूर्व संध्या पर भाविप एवं रक्त सेवादल संस्थान द्वारा एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत रक्तवीरों को एक-एक पौधा भेंट किया गया। साथ ही बारिश के मौसम में सार्वजनिक स्थलों, मंदिर, मुक्तिधाम, गोचर, ओरण, पार्क, खेतों की मेड आदि पर पौधरोपण करने का संदेश दिया। शिविर में जालोर से डॉ. कौशिक परिहार, कृष्ण कुमार, राजेश कुमार, लक्ष्मणराम, उकाराम, दाडमाराम, भरत कुमार ने सेवाएं दी।

इस दौरान समाजसेवी विक्रमसिंह दहिया, डॉ. भीमनाथ गोस्वामी, डॉ. अनिल, डॉ. रामसिंह राजपुरोहित, डॉ. मितुल मिण्डा, मेल नर्स रतनसिंह राठौड, नर्सिंग ऑफिसर चंपालाल जोशी, भीमाराम चौधरी, ऑफिस कानूनगो नारायणदान, भू.अ. निरीक्षक गलबाराम, नैनसिंह, पटवार संघ जिलाध्यक्ष महेन्द्रसिंह चंपावत, पटवारी रविन्द्रसिंह चौराऊ, आसकरणसिंह भाटी, देरावरसिंह, ज्ञानसिंह, हरदानाराम देवासी, श्रीमती परमेश्वरी, जसाराम, उमाराम, सुरेश कुमार, दिनेश सोलंकी, कनिष्ठ लिपिक विजय नागर, संगीता कंवर, मुराद मेहर, विजयसिंह राव, भाविप अध्यक्ष हनुवंतसिंह राजपुरोहित, नारायणलाल विश्वकर्मा, धनसिंह ओटवाला, एडवोकेट प्रवीणसिंह राजपुरोहित, एडवोकेट मुकेश वैष्णव, श्रवणिसंह राजपुरोहित, महेन्द्र मेवाडा, भैरगिरी, ग्राम विकास अधिकारी मनमोहन प्रजापत, कुन्दनसिंह, रक्त सेवादल संस्थान अध्यक्ष विक्रम त्रिवेदी, अशोक अग्रवाल, दुर्गेश घांची, कुईयालाल जीनगर, विपुल, चेतन छीपा, नरेश सुथार, कौशिक, कल्पेश, मनीषा, कविता, संदीप, विकास, भीनमाल से सतीश सेन, सुरेश नामा, अश्विन सोनी, कांस्टेबल महेश लीलावत, कैलाश राणा, दूदाराम, दाडमाराम, भंवर सुथार समेत बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जिला सलूम्बर में चौकी पर दुर्व्यवहार का मामला,दो गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** जिला के सल्लाडा पुलिस चौकी पर रात्रि के समय एक घटना में पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। प्रकाश और दिनेश नामक युवकों को दुर्व्यवहार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। चौकी इंचार्ज हेमराज के आने पर वे तीनों मौके फरार हो गए थे। अनुसंधान और कार्रवाई अभी भी जारी है, जबकि अन्य आरोपीगण की तलाश जारी है। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## जैन समाज की 111 प्रतिभावान बेटियों को होगा सम्मान

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** सामाजिक संस्था श्री महावीर युवा मंच संस्थान के महिला प्रकोष्ठा की ओर से समाज की 111 बेटियों का सम्मान किया जाएगा। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ऋतु मारू ने बताया कि मुख्य संरक्षक राजकुमार फत्तावत के निर्देशन में शुक्रवार 28 जून दोपहर 3 बजे 100 फीट रोड स्थित शुभकेसर गार्डन में समाज की 111 ऐसी बेटियां जिन्होनें ने सैकेण्ड्री एवं सीनियर सैकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक एवं राष्टीय स्तर की प्रतिस्पर्थी परीक्षा में मेरिट में 100 तक अंक प्राप्त किए उनका प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजिका प्रिया झगड़ावत, चित्रलेखा तलेसरा एवं सुनीता वेलावत ने संयुक्त रूप से बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि नगर विकास प्राधिकरण के आयुक्त आईएएस राहुल जैन होंगे। समारोह की अध्यक्षता जय नारायण विश्व विद्यालय जोधपुर के रजिस्ट्रार ओपी जैन करेंगे।

# ग्यारसपुर की बारह सौ वर्ष प्राचीन प्रतिमा



चौबीसी जैन मंदिर ग्यारसपुर (विदिशा) म. प्र. की प्राचीन मूर्तियाँ —मनुज

पदमावत मीडिया

–डॉ. महेन्द्रकुमार जैन
''मनुज', इन्दौर

श्रमण संस्कृति के पुरातत्त्व का परिचय मध्यप्रदेश के विदिशा जिलान्तर्गत आने वाले ग्यारसपुर के पुरातत्त्व का उल्लेख किये बिना पूर्ण नहीं होता। ग्यारसपुर में मालादेवी मंदिर और बजरामठ जैन मंदिर 9वीं-10वीं शताब्दी में एक पहाड़ी पर कुछ पहाड़ी काटकर बनाये गये। यहाँ की पच्चीसों तीर्थंकर मूर्तियाँ व सरस्वती, चक्रेश्वरी, अम्बिका आदि शासन देवी-देवों का उल्लेख प्राचीनता के कारण कई पुराविदों ने अपनी पुस्तकों, आलेखों आदि में किया है। इसी पहाड़ी के लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर श्री 1008 दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चौबीसी मन्दिर है। इस मंदिर का कई बार जीर्णोद्धार हुआ। वर्तमान में भी जीर्णोद्धार हुआ है। इसके जीर्णोद्धार की ताम्र-प्रशस्ति बनने हेतु जब मेरे पास आई तब यहाँ की प्रतिमाओं की ओर मेरा ध्यान आकृष्ट हुआ। यहाँ कई प्राचीन प्रतिमाएँ हैं, जिसपर सम्भवतः पुराविदों का ध्यान नहीं गया।

पार्श्वनाथ चतुर्विंशतिका प्रतिमा

ग्यारसपुर का चौबीसी मन्दिर क्षेत्र कमेटी के अधीन है। सभी पूज्य प्रतिमाएँ हैं और प्रतिदिन अभिषेक पूजा होती है। यहाँ एक 4 फीट 9 इंच उत्सेधवाली भूरे बलुआ पाषाण की तीर्थंकर पार्श्वनाथ की प्रतिमा है, यह कायोत्सर्ग मुद्रा में है। इसका कमलपुष्प से अलंकृत पादपीठ है, जिसके दोनों ओर एक-एक आराधिका बैठी हुई हैं। दायें ओर की आराधिका पादपीठाभिमुख अंजलिबद्ध है, बांई ओर की आराधिका के दाहिने हाथ में पूजा का कुछ द्रव्य है, वह सम्मुख है। पार्श्वनाथ-प्रतिमाजी के दोनों पार्श्वों में चॅवरधारियों के स्थान पर तीर्थंकर के यक्ष-यक्षी ललितासन मुद्रा में हैं। प्रतिमाशास्त्रानुसार दाहिनी ओर चतुर्भुज यक्ष है, जिसके आयुध-कमलनाल, फल और वरदमुद्रा है। बांई ओर बैठी यक्षी की भी चार भुजाएँ हैं। दो हाथों में कमलनाल, एक में फल और एक वरदमुद्रा में है। यक्ष-यक्षी दोनों के शिर पर तीन-तीन सर्प-फण दर्शाये गयो हैं, जो भग्न हैं। इन दोनों यक्ष-यक्षी के पादपीठ में भी कमल-पुष्प रेखांकित है। मुख प्रतिमा के पीछे से ऊपर को जाती हुई सर्पकुण्डली बनाई गई है, जो ऊपर जाकर तीर्थंकर के शिर पर सप्तफणों का छत्र बनाये हुए है। पारम्परिक त्रिछत्र भी है। प्रतिमा के उदर पर त्रिवली, वक्ष पर श्रीवत्स, कर्णों का स्कंधस्पृष्टन और सुन्दर उष्णीष युक्त कुंचित केश हैं। परिकर में बायें ओर ग्यारह और दांई ओर बारह पद्मासनस्थ लघु जिन प्रतिमाएँ हैं। इस तरह परिकर की 23 और 1 मूलनायक मिलाकर चौबीसी बनती है। वितान में सप्तफण के दोनों ओर माल्यधारी गगनचर देव हैं, त्रिछत्र के ऊपर दुंदुभिवादक दर्शाया गया है, जो कुछ भग्न है। धरणेन्द्र यक्ष और पद्मावती यक्षी तथा सप्त सर्पफणों के अंकन से यह पार्श्वनाथ प्रतिमा है, और परिकर में 23 अन्य तीर्थंकर होने से चतुर्विंशतिका अभिहित की जाती है। ग्यारसपुर की प्रतिमाओं के चित्र हमें विदिशा के डॉ. पं. महेन्द्र जैन 'विस्किट' के सहयोग से सुलभ जैन ने सुलभ करवाये हैं।

विश्लेषण- इस प्रतिमा के परिकर में चॅवरवाहक नहीं हैं, जबकि 10वीं शताब्दी के उपरान्त की प्रायः सभी सपरिकर प्रतिमाओं में चॅवरवाहक अनिवार्यरूप से उत्कीर्णित किये जाने की परम्परा है। भारतीय ज्ञानपीठ से प्रकाशित जैन कला एवं स्थापत्य के प्रथम भाग में ग्यारसपुर टेकरी के मंदिरों की प्रतिमाओं का एक चित्र प्रकाशित हुआ है, जिसमें बहुत निचली पत्थर की चहार दीवारी के सहारे खुले आकाश में पाँच प्रतिमाएँ रखीं हैं। उनमें एक खण्डित चतुर्विंशतिका प्रतिमा भी है, जो 9वीं शताब्दी की निर्धारित की गई है। उस प्रतिमा से प्रस्तुत चौबीसी प्रतिमा में समानता है। चॅवरवाहकों की अनुपस्थिति, आराधक, यक्ष-यक्षी के अंकन आदि समान विशेषताएँ हैं। अतः यह प्रतिमा एक ही स्थान, समान पाषाण, समान शिल्पांकन के कारण उसके समकालीन 9वीं शताब्दी की है।

अन्य प्राचीन प्रतिमाएँ

उपरोक्त प्रतिमा के साथ ही वेदिका पर कई अन्य प्रतिमाएँ हैं। उनमें कुछ तो अर्वाचीन हैं और कुछ अत्यंत प्राचीन हैं। उनमें श्वेत पाषाण की संवत् 1593 की पद्मासन चन्द्रप्रभ भगवान्, संवत् 1665 कायोत्सर्गस्थ पार्श्वनाथ, श्याम पाषाण की पद्मासनस्थ चार लघु प्रतिमाएँ हैं। इनमें दो में एक-एक पंक्ति की प्रशस्ति है। एक में उल्टा स्वस्तिक बना है जो तीर्थंकर सुपार्श्वनाथ की हो सकती है। एक श्वेत पाषाण की कायोत्सर्गस्थ पार्श्वनाथ की प्रतिमा है, इसके पादपीठ पर प्रशस्ति है, किन्तु वेदी पर स्थित किये जाने के कारण सफेद सीमेन्ट लगने से अवाच्य है। यहाँ एक और पार्श्वनाथ की धातु की पद्मासन प्रतिमा उल्लेखनीय है। इसके 11 फणों का फलक व पादपीठ अलग भी हो जाते हैं। इस प्रतिमा के तलुओं व हथेलियों में रेखाएँ तो हैं ही, हथेली पर दो पुष्प और अंगूठे पर गुलाब-पुष्प का पत्र बना है। इस तरह की प्रतिमा अन्यत्र देखने में नहीं आयी है।

# राजेन्द्र पूनम ग्रुप के सदस्यों ने आदोनी एवं अंतरिक्ष तीर्थ यात्रा का लिया लाभ



पदमावत मीडिया

**बैगलूरू / भीनमाल** । राजेन्द्र पूनम ग्रुप के सदस्यों ने जेठ सुदी पूर्णिमा के अवसर पर आदोनी एवं अंतरिक्ष तीर्थ यात्रा का लाभ लिया । ग्रुप के सदस्य भुरमल बदामुथा ने बताया कि बैगलूरू से भक्त गण आदोनी पेद् दतुम्बलम् तीर्थ एवं अंतरिक्ष तीर्थ की यात्रा पर गये । इन पांच दिनों की तीर्थ यात्रा के दौरान आदोणी पेद् दतुम्बलम् और अंतरिक्ष पार्श्वनाथ भगवान की भाव सहित यात्रा करवाई गई । अंतरिक्ष पार्श्वनाथ भगवान की कई लाख साल पुरानी एवं चमत्कारी प्रतिमा के दर्शन-पूजा करने का लाभ मिला। इस मंदिर के 42 साल बाद पट खुले है । इसलिए कई वर्षो बाद भक्तों को सेवा-पूजा एवं दर्शन-वंदन करने का लाभ मिला । इस यात्रा के आयोजन का लाभ भी सामुहिक रूप से लिया जाता है । वहां सभी लोगों ने प्रभु भक्ति का आनंद उठाया । इस दौरान नये नये भक्तों का जुडाव हो रहा है । जिसमें युवा, जवान, महिला, बच्चे एवं वरिष्ठ नागरिक भी सम्मिलित रहे । इस बार पांच दिवसीय कार्य म के तहत 126 सदस्यों ने प्रभु भक्ति का लाभ लिया । प्रभु भक्ति के दौरान जगह-जगह पर सेवा, पूजा-पाठ, चैत्यवंदन, स्तवन, सँझा एवं गीतों के माध्यम से प्रभु एवं गुरु महिमा का बखान किया गया ।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर जयंतीलाल, राजेन्द्र भंसाली, दलीचद, किरण, विकास हीराचद, कैलाश वेद मुथा, भेरव, रविन्द्र, पारसमल, गणेश, वि म, राजु, सुभाष, बाबुलाल सवाणी, विजयराज, कुमारपाल, रमेश बालर, जुगराज भंडारी, निलेश, लकी, 'ीस, भंवरलाल, पृथ्वीराज लूकंड, दिनेश लम्बु, रमेश सोलकी, हितेष, जितेन्द्र, बाबुलाल सोफाडिया, मनीष अनील, ललित, प्रकाश, हुकमीचन्द कांकरीया, मोहनलाल, विनोद, ओटमल कांकरीया, प्रकाश, अशोक नाग, रमेश दातेवाडीया, विमल, रतनलाल, मनोरमल, रमेश, चंपालाल श्रीश्रीमाल, राकेश, कृष्णा, सुखीदेवी, संगीतादेवी, कान्तादेवी, विमलादेवी निर्मलादेवी, मधुदेवी, अलकादेवी, जशोदादेवी, मंजुदेवी, कंचनदेवी, सीमादेवी, डिम्पल, सीतादेवी, रेखादेवी, संगीतादेवी, सोनल, कमलादेवी, दाईबाई, पुष्पादेवी, सुवाबाई, शशीदेवी, सुशीलादेवी, लक्ष्मीदेवी, इंद्रादेवी, निर्मलादेवी, गुलाबीदेवी, ललितादेवी, अनीतादेवी, कवितादेवी, रेखादेवी सहित कई सुश्रावक एवं सुश्राविका उपस्थित रहे ।

# शिक्षा मंत्री का अभिनन्दन



पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । शिक्षा (विद्यालय/संस्कृति) एवं पंचायती राज विभाग के मंत्री मदन दिलावर के उदयपुर आगमन पर उपभोक्ता सुरक्षा संगठन द्वारा एक शिष्टाचार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. राजश्री गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मंत्री दिलावर का पगड़ी एवं उपरना पहनाकर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया।

इस अवसर पर डॉ. गांधी ने संगठन द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और भविष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी साझा की। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता सुरक्षा संगठन ने विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिनमें तंबाकू मुक्त शिक्षा संस्थान, नशामुक्ति अभियान, और साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता अभियान प्रमुख हैं। डॉ. गांधी ने विशेष रूप से शिक्षण संस्थानों में तंबाकू और नशा मुक्त वातावरण बनाने पर जोर दिया और कहा कि बच्चों को साइबर क्राइम से बचाने के लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

डॉ. गांधी ने अपने संबोधन में बताया कि तंबाकू मुक्त शिक्षा संस्थान बनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है, जिससे वे अपने भविष्य को संवार सकें। उन्होंने कहा कि नशामुक्ति के अभियान के अंतर्गत संगठन ने कई कार्यक्रम चलाए हैं, जिनमें स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता सत्र आयोजित किए गए हैं। डॉ. गांधी ने यह भी कहा कि साइबर क्राइम बच्चों के मस्तिष्क को प्रभावित कर रहा है और उन्हें गुमराह कर रहा है। इसके लिए जागरूकता फैलाना बेहद जरूरी है ताकि बच्चे सुरक्षित रह सकें और उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके।

डॉ. गांधी ने कहा, 'बच्चे देश का भविष्य हैं और उनका अच्छा स्वास्थ्य और सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। हमारा संगठन इसी दिशा में लगातार कार्य कर रहा है।' उन्होंने यह भी बताया कि संगठन ने विभिन्न माध्यमों से जागरूकता फैलाने का प्रयास किया है और आगे भी इसे और अधिक व्यापक स्तर पर करने की योजना है।

मंत्री मदन दिलावर ने उपभोक्ता सुरक्षा संगठन के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे संगठनों का सहयोग और समर्थन आवश्यक है जो समाज में जागरूकता फैलाने और सुधार लाने के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने संगठन द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

संगठन के राष्ट्रीय संयोजक शिरीष नाथ माथुर ने भी मंत्री मदन दिलावर का उपरना एवं शॉल पहनाकर स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में अन्य उपस्थित जिला उपाध्यक्ष पारस खुर्दिया, प्रवीण नाहर, डॉ भूमिका,प्रदीप,उदित,एवं अनुराधा ने अपने विचार साझा किए और सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस शिष्टाचार मुलाकात के माध्यम से उपभोक्ता सुरक्षा संगठन ने अपने आगामी कार्यक्रमों के लिए एक सकारात्मक माहौल तैयार किया और समाज में जागरूकता फैलाने के अपने संकल्प को दोहराया। संगठन के सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सुधार लाने की दिशा में कार्य करने का वचन दिया।

# अच्छी वर्षा एवं स्वास्थ्य कामना हेतु सुंदरकांड पाठ का संगीत मय आयोजन

पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । श्रीराम मानस मंडल उदयपुर की ओर से अच्छे स्वास्थ्य और अच्छी वर्षा की कामना को लेकर शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में अग्रणी अर्बुदा कला मंदिर संगीत प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को भव्य संगीत मय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन के साथ ही संस्थान का स्थापना दिवस समारोह का समापन हुआ। इसमें 100 से अधिक भक्तों ने भाग लेकर बजरंगबली और भगवान श्री राम से अराधना की। सुंदरकांड पाठ की शुरुआत गणपति वंदना से हुई। संस्थान की कोरियोग्राफर निकिता अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर गायन सुंदरकांड पाठ के मुख्य प्रभारी रवि पालीवाल ने किया।

उनके साथ ढोलक पर संगत सुमित शर्मा ने की और की बोर्ड पर संगत शंकर दास ने की। निकिता अग्रवाल ने बताया कि श्री राम मानस मंडल के मुख्य प्रभारी रवि पालीवाल ने विभिन्न विभिन्न रूपों में सुंदरकांड पाठ को लयबद्ध सुरबद्ध , गाते ,आकर्षक बनाते हुए श्रद्धालुओं का ध्यान खींचा। सुंदरकांड पाठ का समापन हनुमान चालीसा और अंत में आरती से किया गया। यह जानकारी अर्बुदा कला मंदिर संगीत प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक विवेक अग्रवाल ने दी। कार्यक्रम में संस्थान के प्रधानाचार्य प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत विशेषज्ञ महेंद्र कुमार वर्मा अक्षय अग्रवाल अंबालाल साहू श्रीमती मंजू गर्ग विजय गर्ग प्रसिद्ध तबला वादक अखिलेश शर्मा, अर्बुदा वरिष्ठ नागरिक क्लब के सुंदरलाल छात्र-छात्राओं सहित अभिभावक उपस्थित थे।




# सीएचओ ने वल्लभनगर उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

पदमावत मीडिया

**मेनार।** राजस्थान एसोसिएशन ऑफ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर वल्लभनगर ब्लॉक की ओर से बुधवार को वल्लभनगर उपखंड अधिकारी हुकुम कंवर को मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री के नाम का ज्ञापन सौंप कर अपनी प्रमुख समस्या निस्तारण की मांग की । एसोसिएशन के ब्लॉक प्रभारी नरेश सरगरा ने बताया की पिछले जिले के आयुष्मान अरोग्य मंदिर पर कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का वित्तीय विसंगति के चलते पिछले एक साल से प्रोत्साहन राशि का लाभ नहीं मिल पाया है। जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वही ज्ञापन के माध्यम से बताया कि पिछले दो सालों से कार्यग्रहण के बाद अब तक प्रतिवर्ष पांच प्रतिशत मानदेय में अभिवृद्धि भी नही हो पाई जिसके चलते कार्मिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उदयपुर को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया था लेकिन अभी स्थिति जस की तस है। बुधवार को ज्ञापन के दौरान ब्लॉक प्रभारी नरेश सरगरा, सीएचओ जयंत डांगी, गायत्री कुमारी टांक , ममता मीणा, अनीता सेन हितेश गमेती, निधि चोबिसा, सहीत संगठन के पदाधिकारिगण उपस्थित थे।

# उदयपुर में अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस को लेकर प्रयाग सेवा संस्थान ने दूध बांटो अभियान चलाया

पदमावत मीडिया

उदयपुर में अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस को पर शहर के ट्रांसपोर्ट नगर मेन गेट पर सेकड़ो लोगो की मौजूदगी मे प्रयाग सेवा संस्थान के तत्वाधान में 'शराब छोड़ो दूध पियो ' अभियान के तहत 100 लीटर दूध आमजन को वितरित किया गया और नशा मुक्त रहने की समझाइश की गई ।

संस्थान अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस को लेकर ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह व उनकी टीम द्वारा प्रयाग सेवा संस्थान की पदाधिकारी का इस पुनीत कार्य के लिए स्वागत सम्मान किया गया ।




इस अवसर पर आम जन को नशे के प्रति जागरूक किया गया।

# स्वास्थ्य मंत्री से मिले तिरुपति स्कूल ऑफ नर्सिंग के विधार्थी ज्ञापन देकर बताई अपनी व्यथा

## कॉलेज की मान्यता एवं आरएन नम्बर के लिए कल देगें जयपुर में धरना



पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । उदयपुर के पेसिफिक मेडिकल विश्वविधालय के तहत संचालित होने वाले तिरुपति स्कूल ऑफ नर्सिंग के सैकड़ों छात्र कॉलेज की मान्यता एवं आरएन नंबर के लिए आज माननीय स्वास्थ्य मंत्री से मिले एवं ज्ञापन देकर बताई अपनी व्यथा बताई। इसी सदर्भ में एवं कल माननीय स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष जयपुर में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक धरना प्रदर्शन करेगें।

नर्सिंग विधार्थी विकास सारंग ने बताया कि उदयपुर स्थित तिरुपति स्कूल ऑफ नर्सिंग में अध्यनरत 300 से अधिक नर्सिंग छात्रों के भविष्य दाव पर लगा हुआ है।

कॉलेज की मान्यता रद्द करने के सरकार के फैसले के बाद नर्सिंग छात्रों में जबरदस्त रोष है। छात्र विगत कई दिनों से कॉलेज में अपनी मानसिक वेदना को प्रबंधन के सामने प्रकट कर रहे हैं और अनुरोध कर रहे हैं कि सरकार के समक्ष उनकी बात को प्रमुखता से रखा जाए और उन्हें न्याय दिलाया जाए। लेकिन कॉलेज प्रबन्धन की कोशिशो के बाद भी मसला हल नहीं हो पाया।

दरअसल नर्सिंग की शिक्षा के लिए दो सरकारी एजेंसियां नियुक्त की जाती है पहले आईएनसी और दूसरी आरएनसी. तिरुपति स्कूल ऑफ नर्सिंग में अध्यनरत छात्रों को 2016-17 से लेकर 2020-21 तक के विद्यार्थियों को राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित दोनों सरकारी एजेंसियों से मान्यता दी गई, विद्यार्थियों ने मान्यता देखकर ही कॉलेज में दाखिला लिया तब से वह यहां नियमित विद्या अध्ययन कर रहे हैं. उन्होंने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की किया जिसे राज्य सरकार ने मंजूर करते हुए तब से संबंधित अध्यनरत विद्यार्थियों को छात्रवृतियां आज तक प्रदान की जा रही है ।

गत 13 जनवरी 2022 को सरकार द्वारा एक लेटर जारी कर कॉलेज को अवगत कराया गया की 2021-22 से मान्यता को रद्द किया जाता है किंतु उस लेटर में कहीं भी इस बात का उल्लेख नहीं है कि पिछले बेच के बच्चों पर ये आदेश लागू होगा ।

यहां अध्ययनरत बच्चों की विडंबना यह है इन बच्चों ने मान्यता देख कॉलेज में दाखिला लिया, सरकार द्वारा समय-समय पर दी जा रही छात्रवृत्तियां उन्हें मिली किंतु आज इनका भविष्य अधर में है, इनमें से कई बच्चों ने लोन से अपनी शिक्षा को पूर्ण किया आज लोन चुकाना मुश्किल हो रहा है, क्यूंकि बच्चे 2 वर्षों से बिना जॉब के बेकार घूम रहे हैं और मानसिक अवसाद की स्थिति में है।

इस समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकार ने आरएनसी द्वारा एक कमेटी का गठन किया गया उनकी रिपोर्ट मैं सभी कुछ सही पाया गया आर एन सी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को पेश कर दी है किंतु अभी तक सरकार द्वारा उस के ऊपर कोई भी निर्णय नहीं लिया गया है।

मेरे पिताजी ने प्राइवेट नौकरी करते है एवं मुझे पढाने के लिए बैक से लोन लिया घर खर्च के साथ ही बैक की किस्त चुका रहे है साथ ही मेरे छोटे भाई-बहिनों की जिम्मेदारी भी उन पर है मैने सोचा नर्सिंग करने के बाद अपने पिताजी का वनज थोड़ा कम हो जाऐगा लेकिन पता नही अब क्या होगा - विकास सारंग,नर्सिंग विधार्थी

मेरे पिताजी ने साहूकार से मेरे को पढ़ने के लिए उधार लिया और मेरी पढ़ाई के लिए लगाया अब में कैसे मेरे पिताजी उसको चुका पाएंगे। क्यों उनकी उम्मीद मैं ही हूँ - हर्ष टेलर,नर्सिंग विधार्थी

नर्सिंग की पढ़ाई के दौरान मुझे चारों साल तक स्कॉलरशिप मिली और पूरा पैसा मुझे मिला। अगर कॉलेज मान्यता प्राप्त नहीं था तो सरकार ने स्कॉलरशिप क्यों दी - कीर्ति कुमारी,नर्सिंग विधार्थी

मेरे घर में मेरी माँ छोटी मोटी नौकरी करके घर का गुजारा चलाती है और अपनी जमीन बेच के मेरी माँ ने मुझे पढ़ाने के लिए भेजा लेकिन अब कैसे हमारा गुजारा होगा - राहूल,नर्सिंग विधार्थी

तिरुपति स्कूल ऑफ नर्सिंग कॉलेज में विश्वस्तरीय सुविधाए है एवं बच्चों के उच्च प्रशिक्षण के लिए जो भी नियमानुसार आदर्श सुविधाए होनी चाहिए वह हमने उपलब्ध करा रखी है। यह पूरा मामला किसी पूर्वाग्रह से प्रभावित लगता है और ऐसे में हमारा आग्रह यही है कि बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखतें हुए इस समस्या का तुरन्त से समाधान किया जाए।

-राहुल अग्रवाल,चेयरपर्सन पेसिफिक मेडिकल विश्वविधालय

# चेलाराम सोलंकी राजस्थान मेघवाल समाज जिला संयोजक मनोनीत

पदमावत मीडिया

**भीनमाल** । राजस्थान मेघवाल समाज की जिले की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष अजय चौहान ने चेलाराम सोलंकी को जिला संयोजक मनोनीत किया है ।

मेघवाल समाज के कर्मठ, जुझारू तथा लग्नशील समाजसेवी होने की वजह से राजस्थान मेघवाल समाज जिला जालोर के जिला संयोजक पद पर मनोनीत किया गया। राजस्थान मेघवाल समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल डेनवाल एवं प्रदेशाध्यक्ष सांगीलाल मेघवाल के आदेशानुसार चेलाराम सोलंकी को जालोर जिला संयोजक के पद पर मनोनीत कर जिला कार्यकारिणी का विस्तार करने का निर्देश दिया गया है । समय की मांग तथा नजाकत के अनुसार आने वाले समय को ध्यान में रखते हुए वंचित समाज के कारवां को घर-घर तक पहुंचा कर इस संगठन को मूर्त रुप देने में मदद करने में प्रमुखता से करेंगे। चेलाराम सोलंकी को जिला संयोजक मनोनीत करने पर सोशल मीडिया के माध्यम से बधाइयां एवं शुभकामनाएं देने का तांता लगा हुआ है। उनके परिवार समाज तथा शुभेच्छु में भी खुशी लहर दौड़ गई है।

# भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर श्री ब्राह्मण स्वर्णकार समाज की ओर से निमंत्रण एवं तैयारियां

पदमावत मीडिया

उदयपुर शहर से 7 जुलाई रविवार को निकलने वाली भगवान जगन्नाथ स्वामी जी की विशाल रथयात्रा में श्री ब्राह्मण स्वर्णकार समाज की ओर से श्री राधाकृष्ण जी की झांकी के साथ रथयात्रा में सम्मिलित होना निश्चय किया गया है समाज के युवा नेता चेतन सोनी ने बताया कि उसी सन्दर्भ में आज दिनांक 26.6.24 बुधवार को जगदीश मन्दिर में समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रभु को निमंत्रण दिया गया।आगामी आषा शुक्ल द्वितीया को निकलने वाली जगन्नाथ रथयात्रा को लेकर समाज के पुरूष वर्ग,महिलाओं एवं नवयुवकों में काफी उत्साह है। जिसके लिये समाज स्तर पर आवश्यक तैयारी भी की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com
web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।